# आकाशवाणी शिमला
## 30.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी पहलगाम आतंकी घटना को लेकर केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र जो भी निर्णय लेगा, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निराधार बयानबाजी करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश पहलगाम आतंकी हमले का शोक मना रहा था, तो जयराम ठाकुर नाटी डाल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में पर्यटकों की आमद को बढ़ाने के लिए कदम उठा रही है। इसी के चलते कई वर्षों बाद हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम मुनाफे में आया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तहस–नहस करने का काम किया।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देश की सेना, सुरक्षा एजेंसियों और आम लोगों की भावनाओं के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और कृषि मंत्री चंद्र कुमार के इस्तीफे की मांग की है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि इन दोनों मंत्रियों ने देश की भावनाओं के खिलाफ टिप्पणी की है और उन्हें मंत्रिमंडल में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इन मंत्रियों के बयानों पर संज्ञान लेने और इन्हें तुरंत मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बिना सिर के तस्वीर वायरल होने की घटना की निंदा की और कहा कि इसमें राहुल गांधी की भी सहमति थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस हरकत से देशभर में उसका विरोध हुआ जिस कारण पार्टी को मजबूरन ये तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल से हटानी पड़ी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तरह की हरकतों से बाज़ आए। जयराम ठाकुर ने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जल्द ही कुछ बड़ा होने वाला है।

**चंद्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज ज्वाली में जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और उन्हें गर्मियों के दौरान इस क्षेत्र में जनता को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चंद्र कुमार ने कहा कि गर्मियों के दौरान जल संकट को रोकने के लिए अधिकारी अभी से तैयारियां करें। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल योजनाओं की नियमित समीक्षा और रख–रखाव करने को कहा। कृषि मंत्री ने कई उपभोक्ताओं द्वारा घरों में पानी की सरकारी लाईनों से सीधे टुल्लू पंप जोड़कर पानी लेने पर ऐतराज़ जताया और ऐसे पंपों को तुरंत जब्त करने के निर्देश दिए।

**चेतावनी**

बी.बी.एम.बी. पंडोह स्थित बांध में पानी की मात्रा अधिक होने के कारण यहां से कभी भी नदी में पानी छोड़ा जा सकता है। बी.बी.एम.बी. के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ने कहा कि पंडोह डैम के जलग्रहण क्षेत्र में बर्फ पिघलने के कारण डैम में पानी का प्रवाह बढ़ रहा है। ऐसे में पंडोह डैम के स्पिलवे गेटों को अतिरिक्त पानी को नदी में छोड़ने के लिए किसी भी समय खोला जा सकता है। इस कारण ब्यास नदी में पानी का बहाव बढ़ सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे सतर्कता बरतें और नदी के समीप न जाएं।

**स्वीकृत**

केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2025–26 के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास व कृषोन्नति योजना के तहत 2 सौ 21 करोड़ 68 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। कृषि विभाग की निदेशक कुमुद सिंह ने शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस राशि की 94 करोड़ 51 लाख रूपये की पहली किश्त प्रदेश को प्राप्त हो गई है।

———————————————————————